तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025




12 समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं


12 ब्रह्माकुमारी शांति धाम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन


## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया संबोधित

# किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


■ भाजपा फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं शुरु की गई हैं। उन्होंने उक्त शब्द भाजपा फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहे।

इस दौरान बैठक में मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, मोर्चो, विभागों, प्रकोष्ठों के जिला प्रमुख, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों व महामंत्री आदि ने भाग लिया। बैठक का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र राणा ने किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों समेत सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। सरकार किसानों के कल्याण के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

मोदी सरकार ने देश के करोड़ों परिवारों को घर, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा और शिक्षा देकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। समाज कल्याण की


यमुनानगर। फरकपुर में आयोजित फरकपुर मंडल कार्यकारिणी की बैठक के बाद बैठक की गतिविधियों की जानकारी देते हुए भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

### योजनाएं बताईं

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों समेत सभी वर्गों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणाकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभर रहे हैं। यह उनकी कुशल कार्य क्षमता और अच्छी सोच का परिणाम है।

पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक ने ने पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़े को सेवा भाव के साथ मनाए जाने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया।

बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा व मंडल अध्यक्ष संध्या रावत ने मंडल कार्यशाला में आए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

# धान खरीद को लेकर किसान आंदोलन तेज


करनाल। धान खरीद शुरू करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

करनाल। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने 15 सितंबर से धान खरीद शुरू करने की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। मोर्चा ने 1 सितंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास घेराव का एलान किया है। करनाल में आंदोलन की तैयारियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने जुंडला गांव में नुक्कड़ सभा के दौरान कहा कि किसानों को खाद वितरण में पोर्टल की अनिवार्यता से राहत दी जाए और धान की खरीद समय पर शुरू की जाए। साथ ही फिजी वायरस से खराब फसल का मुआवजा दिलाने के लिए विशेष गिरदावरी करवाई जाए। किसानों ने एमएसपी की गारंटी, नकली बीज-कीटनाशकों पर रोक, नहरों की सफाई, सिंचाई सुधार, बिजली बिल व स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने जैसी मांगें भी उठाईं। सभा में छत्रपाल सिंधड़, जगदीप ओलख, सुखविंद्र झब्बर, जोश गिल बालू, अमृतपाल बुग्गा सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मच्छरौली के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

समालखा। जीटी रोड पर मच्छरौली के पास फ्लाईओवर के निकट सड़क हादसे में राहुल पुत्र रमेश निवासी गांव गांव जूनपुर जिला सोनीपत की मौत हो गई। पुलिस ने जहां राहुल के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया, वहीं इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बैड टच करने वाले यूपी से गिरफ्तार

पानीपत। पुलिस ने सड़क पार कर रही युवती को बैड टच करने वाले मनचलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दोनों आरोपियों उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के सिनौली गांव निवासी प्रमोद व संजीव को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सुरेश सैनी ने बताया कि 24 अगस्त की देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियों वारयरल हुई थी। जिसमें एक बाइक सवार दो युवक जीटी रोड पार करती युवतियों के साथ बैड टच करते नजर आए थे।

### 36 बोतल अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

पानीपत। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने काबड़ी रोड पर अर्जुन नगर के पास जोगिंद्र उर्फ काला पुत्र जयपाल निवासी भारत नगर, पानीपत को 36 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि आरोपी जोगिंद्र उर्फ काला पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### करनाल के युवक की अमेरिका में मौत

करनाल। करनाल की वजीरचंद कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय आशीष मान की अमेरिका में हुए



सड़क हादसे में मौत हो गई। आशीष पिछले एक वर्ष से कैलिफोर्निया के फ्रेंजो शहर में ट्रक चलाने का काम कर रहा था। रविवार को ट्रक हादसे का शिकार हो गया। आशीष के भाई अंकुर ने बताया कि अमेरिका से आई कॉल के जरिए परिवार को हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद पूरे घर में मातम छा गया।

### गहरे गड्ढों ने वाहन चालको को किया चोटिल

तरावड़ी । जीटी रोड़ पर अम्बाला की ओर जाने वाली सर्विस लेन बरसात के दिनों मे वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। सर्विस लेन पर रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। लेकिन गड्ढों की वजह से वाहन चालक न केवल चोटिल हो रहे हैं, बल्कि गाड़ियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।


# बराड़ा में मुनीम से दो लाख की लूट

■ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर बराड़ा में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक मुनीम से दो लाख रुपये की नकदी लूट ली गई।

मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के मालिक बनेश कुमार ने बताया कि उनकी मुलाना अनाज मंडी में हर मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान है। सोमवार को उन्होंने अपने मुनीम जयचंद को बराड़ा में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया से दो लाख रुपय की नक़दी निकालने के लिए भेजा था। दोपहर को लगभग साढ़े


बराड़ा। जानकारी देते हुए पीड़ित।

12 बजे जैसे ही मुनीम जयचंद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से कंपनी का भुगतान निकालकर बाहर आए, तभी यह वारदात घटित हुई। जयचंद ने बैंक से करीब दो लाख रुपये की राशि निकालकर उसे एक बैग में रखा और बैग को अपनी मोटरसाइकिल के साथ लगे थैले में डाल दिया। जैसे ही वह मोटरसाइकिल पर बैठकर उसे स्टार्ट करने लगे, इतने में ही एक युवक पीछे से आया और बैग को झपटकर फरार हो गया। अचानक हुई इस वारदात से जयचंद सन्न रह गया और उन्होंने तुरंत उस युवक का पीछा करना शुरू किया लेकिन आरोपी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वहां से लापता हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही हर मिलाप ट्रेडिंग कंपनी के मालिक बनेश कुमार ने तुरंत बराड़ा पुलिस को सूचित किया। सूचना पाते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की नाकेबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।

# विसरा जांच रिपोर्ट ने खोला शबनम की मौत का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ ससुरालियों ने बताया था कि सर्पदंश के कारण हुई थी मौत

■ विसरा रिपोर्ट में गला दबाने से शबनम की मौत का पता चला

करीब छह महीने पहले थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव मियांपुर में सर्पदंश से संदिग्ध हालत में हुई शबनम की मौत सर्पदंश से नहीं हुई थी, बल्कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। इसका खुल्लासा विसरा जांच रिपोर्ट में हुआ है। पुलिस ने विसरा रिपोर्ट में मामले का खुल्लासा होने पर मृतक शबनम के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर उसके आरोपी पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक गांव ताजेवाला निवासी नजीर हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि उसने 21 मई 2023 को अपनी बेटी शबनम का निकाह गांव मियांपुर के शमीम के साथ कराया था। निकाह में घरेलू जरुरत का पूरा सामान व अन्य दान दहेज देकर बेटी को विदा किया था। कुछ दिन तो सब कुछ ठीक चला लेकिन फिर दहेज के लिए शबनम को प्रताड़ति किया जाने लगा। उन्होंने कई बार उसके समाज के लोगों को साथ ले जाकर उसके पति शमीम व उसकी सास जरीना और ससुर इकबाल को भी समझाया था। कुछ दिन तो सब ठीक चलता रहा। मगर इसके बाद फिर आरोपी उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ति करने लगे। इसी दौरान गत 26 फरवरी को उन्हें सूचना दी कि शबनम को सांप ने काट लिया है। जिसे सुनते ही वह तुरंत मियांपुर बेटी के ससुराल पहुंचे। यहां देखा तो चारपाई पर शबनम का शव पड़ा था। मगर उन्हें सर्पदंश की बात पर यकीन नहीं हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी।

थाना पुलिस व सीन ऑफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और शव का पोस्टमार्टम जगाधरी सिविल अस्पताल में बोर्ड के माध्यम से कराया गया था। उस समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर पैनल ने विसरा को प्रिजर्व कर जांच के लिए पंचकूला की रीजनल फार्रेसिक साइंस लैब और करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दो दिन पहले विसरा रिपोर्ट आई तो पता चला कि शबनम की मौत गला दबाने से हुई थी।

### इन पर केस दर्ज

रिपोर्ट सामने आते ही पुलिस ने नजीर हुसैन की शिकायत पर पति शमीम उर्फ समीर, सास जरीना तथा ससुर इकबाल के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को तीनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी।

# दो माह पहले बनी सड़क सीवरेज लीक होने से धंसी

■ वार्ड में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

दो महीने पहले डोडवा कालोनी को जाने वाली सडक़ का निर्माण हुआ था जो दो दिन पहले हुई बरसात मे बैठ गई है।

डोडवा कालोनी के रहने वाले मेहर सिंह नम्बदार, कृष्ण लाल, चिमन लाल रहने वालों ने बताया कि कुछ महीने पहले कालोनी मे सीवरेज के पाइप डाले थे। उसके बाद नगरपालिका द्वारा इंटरलाकिंग टाइल की सडक़ बनाई गई थी। जो इस बरसात मे सीवरेज के मैनहोल के पास सडक़ पूरी तरह से धंस गई है। जिस कारण इस स्थान पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय वार्ड में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में नपा सचिव अजीत कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि सीवरेज लीक होने के कारण यह सडक़ नीचे धंस गई है या अन्य किसी कारण से, इसकी जांच करेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखूंगा कि पहले सीवरेज के पाइप को ठीक करे और उसके बाद सडक़ का दुबारा निर्माण करवाया जायेगा।


तरावड़ी। डोडवा को जाने वाली धंसी सड़क को दिखाते कॉलोनीवासी।

# दसवीं की छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ आरोपी ने दुष्कर्म के दौरान अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया मामला दर्ज

दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करके उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में महिला पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

छात्रा के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 साल की बेटी जो कि सरकारी सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में कक्षा 10 वीं की छात्रा है। गत रविवार को उसकी बेटी बहुत रो रही थी। उन्होंने बेटी से रोने की वजह पूछी तो उसने बताया कि छह महीने पहले खुशी राम नामक लड़के से उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। उस वक्त आरोपी ने अपना गांव नगला बताया था। इसके बाद खुशीराम ने उसे बहला फुसला कर उसी के घर में आकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। साथ ही अश्लील वीडियो भी तैयार कर ली। छात्रा ने पिता को बताया कि पिछले सप्ताह शुक्रवार को खुशीराम ने उसकी बेटी को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसकी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी। जिससे वह डर गई। छात्रा ने बताया कि इसके बाद खुशीराम ने उक्त वीडियो को उसकी सहेली को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी।

इसके बाद आरोपी ने वीडियो अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## विधायक भगवानदास कबीरपंथी तरावड़ी के कार्यक्रम में हुए शामिल

# शांतिवन गोपाल गोशाला को 80 लाख का चेक सौंपा

■ भाजपा सरकार ने गो संरक्षण को बढ़ावा दिया : कबीरपंथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

पिछली सरकारों ने हमेशा से ही गौ माता की अनदेखी की है जहां एक और पिछली सरकारों में प्रति गाय 1 रुपये से 1 ड़ेढ रुपए प्रति गाय को दिया जाता था, वही हमारी भाजपा सरकार ने गौ माता के लिए 25 से 30 रुपये प्रति गाय देकर गौ संरक्षण को बढ़ावा दिया। यह शब्द विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज तरावड़ी शांतिवन गोपाल गौशाला में एक कार्यक्रम मे कहे।

सोमवार को विधायक भगवान दास कबीरपंथी सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग के माध्यम से तरावड़ी गौशाला मे लगभग 80 लाख का चैक देने पहुचें। इस कार्यक्रम मे शांतिवन गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग, स्वामी अद्वैत स्वरूप महाराज, पूर्व प्रधान नाथी राम गुप्ता, लाला साधू राम सिंगला, रमेश गुप्ता, कृष्ण चन्द सिंगला, रामसिंह को सरकार द्वारा गौ संरक्षण के लिये अस्सी लाख का चैक सौंपा। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि हरियाणा सरकार गौ माता के संरक्षण के प्रति गंभीर है। तभी प्रत्येक गऊशाला का हरियाणा सरकार की ओर से हर साल राशि देकर गौ भक्तों का मान बढ़ाया जा रहा है। इससे पूर्व भी उन्होने हल्के की कई गौशाला मे चेक वितरित किये। इस मौके पर गौशाला प्रधान राकेश गर्ग ने अपने सदस्यों सहित विधायक भगवानदास कबीरपंथी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। गौशाला कमेटी की ओर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी व आये हुये शहर के गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।



तरावड़ी। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास कबीरपंथी गोशाला के प्रधान राकेश गुप्ता व सदस्यों को चैक सौंपते हुए तथा गोशाला कमेटी द्वारा विधायक भगवानदास कबीरपंथी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्वामी अद्वैतस्वरूप महाराज, पूर्व प्रधान नाथी राम गुप्ता, लाला साधू राम सिंगला, अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, विनीत बंसल, रविन्द्र सिंगला, राजीव नारंग, रंजीत भारद्वाज, सुशील सिंगला, संजय बंसल, शिवम बंसल, देवेन्द्र कामरा, रामनिवास बंसल, रिंकू खुराना, प्रवीण गुप्ता सहित गौ सेवक उपस्थित थे।

### वीर गोगा देव के जीवन से मिलती है धर्म वबलिदान की प्रेरणा : डॉ. चौहान

■ कत्लाहेड़ी और राहड़ा गांव में ग्रामीणों से संवाद

नीलोखेड़ी/ करनाल। वीर गोगा देव सनातन धर्म की शौर्य और आध्यात्मिक परंपरा के अद्भुत प्रतिनिधि हैं। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से राजस्थान के ददरेवा में जन्मे गोगा देव विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के विरुद्ध धर्म रक्षा के लिए आत्मबलिदान करने वाले क्षत्रिय परंपरा के संवाहक भी हैं। इसी संदर्भ में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कत्लाहेड़ी और राहड़ा गांव में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि गोगा देव का जीवन धर्म, साहस और बलिदान का संदेश देता है।

गांव की गूगा माड़ी में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. चौहान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गूगा माड़ी जैसे धार्मिक स्थल समाज को एकजुट कर सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं।

# कुरुक्षेत्र विवि शिक्षक संघ का चुनाव आज


कुरुक्षेत्र। तैयारियों का जायजा लेते चुनाव अधिकारी कृष्ण चंद्र पांडे व सहायक चुनाव अधिकारी प्रताप राम। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी एडी चोटी का जोर लगा रहे है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनाव 26 अगस्त को होगा। चुनाव में करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे। प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। वहीं उप प्रधान पद के लिए डॉ. विजय कुमार द्वारा नामांकन वापस लिए जाने पर अब डा. सुधीर कुमार व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए डा.संजय कुमार और डा. सुरेंद्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद पर डा. लता खेड़ा को निविर्रोध चुना जा चुका है। वहीं कोषाध्यक्ष पद डा. राजवीर सिंह का निविर्रोध चुना जा चुका है। चुनाव अधिकारी कृष्ण चंद्र पांडे व सहायक चुनाव अधिकारी प्रताप राम ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लिया। चुनाव अधिकारी डा. कृष्ण चंद्र पांडे ने बताया कि मतदान सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। मतगणना तीन बजे के बाद शुरू होगी और मतगणना के बाद ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। गांव जडौदी में वीरता पदक से विभूषित किए जाने वाले डीआईजी बाबूराम को सम्मानित करते अकादमी के जिला प्रधान धर्म सिंह पिंकी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### वीरता पदक मिलने की घोषणा पर दी बधाई

**रादौर।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से भारत सरकार द्वारा वीरता पदक से विभूषित जिला यमुनानगर के गांव जड़ोदी निवासी एवं दिल्ली मेट्रो में तैनात डीआईजी बाबू राम को जिला प्रधान धर्म सिंह पिंकी के नेतृत्व में बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने डीआईजी बाबू राम के वीरता पदक मिलने की घोषणा होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। अकादमी के जिला प्रधान धर्म सिंह पिंकी ने कहा कि डीआईजी बाबूराम को वीरता पदक मिलने से प्रदेश व जिले का नाम रोशन हुआ है। डीआईजी बाबूराम समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना कीमती समय देते हैं। वह गांव में लोगों के सुख दुख में अवश्य पहुंचते हैं। युवा उनसे प्रेरणा लेकर समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।

### नाबालिग लड़की को परेशान का आरोप

**यमुनानगर।** नाबालिग लड़की के साथ इंस्टाग्राम पर चैट और काल करके परेशान करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी क्षेत्र के ही एक विद्यालय की छात्रा है। पिछले कुछ दिनों से उसकी बेटी घर में चुप चुप रहने लगी। पूछने पर उसने बताया कि उसकी सहेलियों के नाम से किसी अज्ञात ने इंस्टाग्राम पर कई आईडी तैयार की हैं। अब उन आईडी के माध्यम से मैसेज कर आरोपी उसे भी परेशान कर रहा है। कई बार इंस्टा पर ही कॉल भी करने का प्रयास किया है। चैट में आपत्तिजनक बातें लिख रहा है। जिन सहेलियों के नाम से आईडी तैयार की है। जब बेटी ने उनसे पूछा तो वह भी हैरान रह गई। व्यक्ति ने बताया कि जिसने भी आईडी तैयार की है। वह पिछले कई दिनों से परेशान कर रहा है। जिसकी वजह से अब उन्हें बेटी को लेकर डर लग रहा है।

### बरसात के दिनों में खान पान में बरतें ऐहतियात

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय जन कल्याण समिति के तत्वावधान में सोमवार को शहर के कैंप में डेंगू व मलेरिया से बचाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए। समिति के परियोजना अधिकारी विरेंद्र कुमार ने कहा कि बरसात के दिनों में आजकल वायरल, मलेरिया व डेगूं की शिकायत पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को खांसी, जुकाम, ठंड के साथ बुखार होना व उल्टी आदि के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर स्वास्थ्य की जांच करवाएं। क्योंकि इस प्रकार के लक्षण मलेरिया के हो सकते हैं। कुमार ने लोगों से आहवान किया कि वह अपने घरों के आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखें।

### जिला उपायुक्त ने कचरा प्रबंधन प्लांट का किया औचक निरीक्षण

# गांव और शहर के बीच स्थित मार्गों पर प्रतिदिन सफाई करवाई जाए: उपायुक्त

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव कैल स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का औचक निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिले के गांव कैल स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की जांच की। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को कचरा प्रबंधन प्लांट में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि गांव कैल स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का क्षेत्र यमुनानगर में आने वाले मुख्य रास्ते पर स्थित है। अगर यहां गंदगी और कचरे के ढेर रहेंगे तो इसका नकारात्मक प्रभाव न केवल गांव और शहर के लोगों पर पड़ेगा।

बल्कि वहां से आवागमन करने वालों पर भी इसका बूरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गांव कैल में त्वरित प्रभाव से सफाई अभियान चलाया जाए और सभी कचरा बिंदुओं को जल्द से जल्द व्यवस्थित कर वहां नियमित सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था केवल एक दिन या कुछ दिनों की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। नगर निगम को चाहिए कि वह गांव और शहर के बीच स्थित मार्गों पर प्रतिदिन सफाई कर्मियों की तैनाती करें। साथ ही कचरा उठाने वाली गाड़ियों का संचालन नियमित हो। ताकि कहीं भी कचरे का ढेर जमा न हो पाएं।

#### लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी है स्वच्छता

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता न केवल शहर की सुंदरता बढ़ती है। बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर से भी जुड़ी हुई है। गंदगी से मच्छर, मक्खी और अन्य बीमारियां फैलती हैं जो सीधे तौर पर आमजन के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए नगर निगम की जिम्मेदारी है कि वह स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने गांव के निवासियों से भी अपील की कि वे नगर निगम की मदद करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

#### स्वच्छता को लेकर गंभीर है प्रदेश सरकार

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शहरों की ओर प्रदेश की स्वच्छता को लेकर गंभीर है। उन्होंने शहर के कचरा प्रबंधक प्लांट को दो दिन में ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें। ताकि कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता निगरानी की जा सके। इस अवसर पर नगर निगम के एएमसी धीरज कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. मनोज कुमार, सेनेटरी अधिकारी अनिल नैन व हरजीत सिंह, आनंद सबरवाल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।*

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए। जो समय समय पर गांव कैल और उसके आसपास की स्थिति का निरीक्षण करें और किसी भी लापरवाही की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएं।



यमुनानगर। आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

## नागरिक स्वच्छता को लेकर समझें अपनी जिम्मेदारी: डीसी

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को स्वच्छता को लेकर दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 की शुरुआत की है। यह अभियान 7 नवंबर तक शहरी निकाय क्षेत्रों में चलाया जाएगा। अभियान का नारा हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान व स्वच्छ हरियाणा की पहचान रहेगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वच्छता को लेकर जिलास्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के अभियान के तहत सरकारी व निजी कार्यालयों की सफाई, भवनों की पुताई, धार्मिक व पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण, सड़कों व नालों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और साइन बोर्ड दुरुस्ती जैसे कार्य किए जाएंगे।

#### शहरों व गांवों की सूरत बदलने के लिए करें सौंदर्यीकरण

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को गांवों और शहरों की सूरत बदलने के लिए सौंदर्यीकरण करने समेत चौराहों व पार्कों में सुधार किए जाने, स्ट्रीट लाइटों को ठीक किए जाने, नवरात्रों पर अधिक आबादी वाले गांवों में सुधार किए जाने के निर्देश दिए। वहीं, कार्यालयों में स्वच्छता का अभियान चलाकर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी विभागों को सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मानसी ने विज्ञान प्रतियोगिता रही अव्वल

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल (यमुनानगर) में आयोजित हुआ जिलास्तरीय विज्ञान सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। न्यू हैप्पी स्कूल सुढ़ैल में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या व अन्य। फोटो: हरिभूमि

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में जिला शिक्षा विभाग द्वारा क्वांटम युग विषय पर जिलास्तरीय विज्ञान सेमिनार में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में न्यू हैप्पी शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंगल मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने बताया कि सेमिनार में ब्लाकस्तर प्रतियोगिता में चयनित हुए विजेताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों में क्वांटम युग विषय पर विद्यार्थियों ने विभिन्न चार्टस व मॉडल्स बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

#### रिधिमा द्वितीय रही

उन्होंने बताया कि चार्टस व मॉडल्स प्रतियोगिता में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की मानसी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, होली मदर पब्लिक स्कूल की रिधिमा ने द्वितीय स्थान तथा स्वराज पब्लिक स्कूल की दृष्टि ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि छात्रा मानसी व रिधिमा अब राज्यस्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में यमुनानगर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस दौरान प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका पीजीटी कवलजीत साढ़ौरा, संजीव कुमार पीजीटी अलाहर व पीजीटी सीमा अरोड़ा ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विज्ञान के जटिल विषय क्वांटम युग पर अपनी समझ, शोध और भविष्य की संभावनाओं को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

## ग्लोब हेरिटेज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में 35 पदक जीते
- विजेता बच्चों का स्कूल में पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर (रादौर) के विद्यार्थियों ने एसडी पब्लिक स्कूल अंबाला में आयोजित हुई इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 14 स्वर्ण समेत 35 पदक हासिल कर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा जमाकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।

सोमवार को विजेता बच्चों के स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया है। विद्यालय के स्केटिंग कोच विकास शर्मा ने बताया कि गत दिवस एसडी पब्लिक स्कूल अंबाला में इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने 14 स्वर्ण, 13 रजत व 8 कांस्य पदकों के साथ कुल 35 पदक जीतकर अंडर 17 वर्ग में ओवरआल ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मनन, कुंज, वाणी, नमित, दक्ष, मुनित, आरव, विहान, दक्ष, मयंक, आरव, तपिश व कृष ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, भावेश, अर्जुन, पार्थ, रुद्रांश, मानविक, जशित, पूरव, प्रथम, मितांश, दिग्विजय, प्रजन्य, मनन व प्रयागराज शर्मा ने रजत पदक जीता। जबकि रीतविक, गैविक, कुंवर, नक्ष, निकुंज, यश, वाणीज, गुरवंश व मिहीका ने कांस्य पदक जीता। स्कूल में पहुंचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया।

## जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। धौडंग जिला कार्यालय में भाकियू के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर संगठन मजबूती की जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा धौडंग के सुभाष गुर्जर को लगातार चौथी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर किसानों ने यूनियन का आभार जताया है। सोमवार को जिला कार्यालय धौंडग में नवनियुक्त जिला सचिव देवेंद्र रूलाखेड़ी अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर को पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। यूनियन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने किसानों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह में जिला के सभी ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की जाएंगी। जिसमें ग्रामीण इकाईया भी शामिल होंगी।

कार्यकारिणी को गठित करते समय जिला की पूरी टीम वहां शामिल होगी। जिला के नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी ईमानदारी और मजबूती से संगठन में काम करें। जिला में चार महत्वपूर्ण पद और दिए जाएंगे। जिनकी घोषणा जल्दी ही की जाएगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के निर्देशानुसार जिला में 51 नामित सदस्य होंगे।

## समाधान शिविर में 13 शिकायतें आईं

- नगराधीश पीयूष गुप्ता ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में 13 शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविर में 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें बुड़िया निवासी पवन कुमार ने कॉलोनी में पक्की गलियां बनवाने बारे, न्यू जैन नगर समस्त निवासीगण ने बिजली की तारें बदलवाने बारे, झगूड़ी निवासी विशाल ने सेफ्टी टैंकों का मलवा सड़क किनारे डालने बारे, जगाधरी निवासी मंजीन्द्र सिंह ने प्रॉपर्टी आईडी बनवाने बारे, यमुनानगर निवासी राजेन्द्र सिंह ने प्रॉपर्टी आईडी डिलिट करने बारे, यमुनानगर निवासी सुशांत मेहता ने इंतकाल चढ़वाने बारे, जगाधरी के सैक्टर-18 जगाधरी समस्त निवासीगण ने उनके सैक्टर में सड़क बनवाने की शिकायत रखी।

#### सोमवार और वीरवार को होता है आयोजन

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

## श्रद्धालुओं ने पूजाकर मन्नतें मांगी

- जिले के साढ़ौरा मार्ग स्थित गोगा माढ़ी पर स्थापित की छड़ी(निशान)

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



जिले के साढ़ौरा मार्ग स्थित जाहरवीर गोगामाढ़ी पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने छड़ी (निशान) स्थापित किया गया। मौके पर जोगी समाज के भक्तों ने अपने भजनों के माध्यम से जाहरवीर गोगा की महिमा का गुणगान किया।

सोमवार सुबह से ही गोगा माढ़ी पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होना शुरू हो गई थी। आलम यह था कि इस दौरान गोगा माढ़ी पर श्रद्धालुओं ने छड़ी(निशान) स्थापित होने के बाद पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मंगल कामना की गई। गोगा माढ़ी पर निशान स्थापित होने पर अब श्रद्धालु अपने परिवार की ओर से मांगी गई मन्नतो के अनुरूप निशान चढ़ाएंगे। जोगी समाज के लोगों ने डमरू व सारंगी की धुन पर गोगा जाहरवीर की गाथा का बखान किया।

### श्री नागेश्वर धाम मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

## भगवान श्री राम ने पिता की आज्ञा पालन का दिया संदेश

- कथाव्यास दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने श्रीराम कथा में पहले दिन बताई संतो की महिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर





यमुनानगर। रादौर स्थित श्री नागेश्वर धाम में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए कथाव्यास दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज व श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

रादौर में लोगों की आस्था के प्रतीक प्राचीन पक्का घाट स्थित श्री नागेश्वर धाम मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा शुभारंभ से पहले कथाव्यास दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने कलश स्थापित किया और हवन करके कथा का शुभारंभ किया। कथाव्यास दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने श्रीराम कथा के शुभारंभ पर पहले दिन फरमाया कि जब जब देश के ऊपर अधर्मियों एवं आक्रांताओं का प्रहार हुआ तब तब भारत के संतों ने अपने तप व साधना के प्रभाव को देश रक्षा एवं धर्म रक्षा के लिए समर्पित किया है। त्रेता युग में राक्षसों पर विजय के लिए महान तपस्वी विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ व ऋषि अगस्त ने अपने तप रूपी शक्तियों का अस्त्र शस्त्र बनाकर के लंका पर विजय के निमित्त भगवान श्री राम को समर्पित किए। वर्तमान समय में भी हमारे देश के सभी संतो को देश की रक्षा एवं सेना के जवानों के आत्मबल जागृति के लिए समर्पित भावना से अपनी शक्तियां प्रदान करने की आवश्यकता है।

#### मर्यादित जीवन जीएं

उन्होंने फरमाया कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए गए हैं। भगवान श्री राम ने मर्यादित जीवन जीकर संसार के मानव जगत को संदेश दिया है कि वह अपने माता पिता की आज्ञा पालन करें। उनकी सेवा करें। वहीं, अपना मर्यादित जीवन जीएं। ताकि वह भवसागर से पार हो सकें। भगवान श्रीराम ने पितृ भक्त बनकर और अपने भाइयों भरत, लक्षण और शत्रुघन को दुलार देकर एक संसार को उदहारण प्रस्तुत किया है।

## खबर संक्षेप



### गोशाला में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**पिहोवा।** श्रीराम महिला संकीर्तन मंडल, मॉडल टाऊन द्वारा श्री कृष्ण कृपा गोशाला के प्रांगण में सुंदरकांड का भव्य पाठ आयोजित किया गया। संकीर्तन मंडल की महिलाओं ने सुरमयी भजनों और संगीतमय वादन के साथ जब सुंदरकांड का पाठ आरंभ किया तो पूरा वातावरण भक्ति रस में रंग गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और जय श्रीराम के जयघोष से गोशाला गूंज उठी।

### 127 लोगों को दी स्वास्थ्य सुविधाएं



**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज हल्का थानेसर के गांव बारना में पहुंच कर 127 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई, साथ ही रक्त और युरिन के टेस्ट भी किए गए।

### समूह गान प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन सलारपुर रोड स्थित संस्कृति भवन के सभागार में किया गया, जिसमें हिंदी और संस्कृत के समूहगान में लगभग 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से किया गया।

### साप्ताहिक रोप-इन सेशन का शुभारंभ




**कुरुक्षेत्र।** कुशल भारत-कौशल भारत अभियान के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर बहलोलपुर में नए छात्रों के लिए रोप-इन सत्र शुरू हुआ। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का विजन है कि प्रत्येक युवा को रोजगार, सम्मान और उज्जवल के भविष्य के क्षेत्र कुशल बनाया जाए ताकि वे अपने पांव पर खड़ा होकर अपनी आजीविका कमा सकें। उसप्ताह भर चलने वाला यह सत्र नए प्रवेश पाने वाले छात्रों को इंटर एक्टिव गेम्स और तकनीकी चर्चाओं के माध्यम से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

## शहर में विभिन्न जगहों पर सजाए विशाल पंडाल

# श्रीगणेश चतुर्थ महोत्सव कल से घर-घर विराजेंगे गणपति बप्पा

### भक्तों ने मूर्तियों की जमकर खरीदारी की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

श्रीगणेश चतुर्थ को लेकर जिले भर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर में विभिन्न जगहों पर विशाल पंडाल सजाए गए है। विशाल पंडाल के अलावा गणपति को घर घर में विराजमान करने के लिए भक्तों ने भी मूर्तियों की जमकर खरीदारी की। बुधवार से शुरू होकर 10 दिन तक चलने वाले इस पर्व को लेकर शहर में जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमाओं के स्टॉल सजे हुए हैं। जहां रंगों में गढ़ी गई बप्पा की मन को मोहित कर देने वाली प्रतिमाएं हर किसी को अपनी ओर खींच रही हैं। सुबह से ही स्टॉलों पर पहुंचने वाले लोग अपने घरों में बप्पा का पूजन करने के लिए प्रतिमाओं को पसंद करते देखे गए। उधर, गऊशाला बाजार में श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल ने बप्पा के 10 दिन के पूजन की तैयारियों में पंडाल सजाने का काम भी पूरा कर लिया गया है। पंडित डा. रामराज कौशिक ने बताया कि हिंदू धर्म में हर साल भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश उत्सव मनाया जाता है। यह उत्सव अनंत चतुर्दशी तक चलता है। 27 अगस्त से 6 सितंबर तक चलने वाले इस पर्व में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन करने तक की परंपरा रही है। गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।



कुरुक्षेत्र। स्टॉल पर गणेशजी की मूर्ति खरीदते भक्तजन।

#### मध्याह्न काल में रहेगा स्थापना का शुभ समय

पंचाग के अनुसार गणेश जी की स्थापना का सबसे शुभ समय मध्याह्न होता है, क्योंकि माना जाता है कि इसी समय भगवान गणेश का जन्म हुआ था। 27 अगस्त 2025 को मध्याह्न काल में गणेश पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11:05 बजे से दोपहर 01:40 बजे तक रहेगा।

#### भगवान की मूर्तियां ही आजीविका का साधनः राहुल



पिपली रोड पर टेलीफोन एक्सचेंज के समीप स्टॉल पर बैठे जिले के गांव श्रीनगर निवासी मूर्तिकार राहुल ने बताया कि उनके जीविकोपार्जन का साधन मूर्तियां बनाना और उन्हें बेचकर परिवार का पालन-पोषण करना है। वे पिछले लगभग एक दशक से मूर्ति बनाने के काम में लगे हैं। गणेश चतुर्थी पर लोग अपने अपने घरों और पंडालों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करते हैं। इसे लेकर उनका परिवार भी कई दिन पहले से ही मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुट जाता है। मूर्तिकारों ने बताया कि मूर्ति का मूल्य आकार और मेहनत पर निर्भर करता है। सबसे छोटी मूर्ति 50 रुपये से शुरू होती है। उसके बाद आकार के अनुसार दाम बढ़ता जाता है। सबसे महंगी मूर्ति 2 हजार रुपये की है। उनका पूरा परिवार वर्षों से यही काम कर रहा है। एक से लेकर आठ फुट तक की मूर्ति तैयार की जाती है।

# मंदिर कार्यकारणी ने नवरात्रि को लेकर तैयारियों की बनाई रूपरेखा

### माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा**



पिहोवा। बैठक में भाग लेते मंदिर कार्यकारिणी समिति पदाधिकारी व सदस्यगण।

शारदीय नवरात्र महोत्सव की तैयारियों को लेकर माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारिणी समिति की एक बैठक मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तरसेम वर्मा ने की। समिति के प्रमुख सेवादार श्रवण मंगला व प्रवीण गर्ग (पिन्नी) ने बताया कि 22 सितंबर से 30 सितंबर तक मंदिर में मनाए जाने वाले नवरात्रि महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न एवं अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष संजय कुकरेजा द्वारा वर्ष 2024 - 25 का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। नवरात्रि उत्सव को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। समिति के प्रधान संजय गुप्ता ने बताया की नवरात्रों के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों, मंदिर प्रांगण की सजावट, अखंड ज्योति, भजन संध्या, आदि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध करने, मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए शीघ्र ही समिति सदस्यों को प्रारंभिक जिम्मेवारी सौंप दी जाएगी। अग्रणी सेवादार संजीव गर्ग ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रतिदिन सरस्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों के लिए मंदिर में आवास व भोजन की निशुल्क व्यवस्था निरंतर जारी है सरास्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों के लिए भोजन व आवास की निशुल्क व्यवस्था का भी निर्णय लिया गया है।

### वार्ड नंबर 30 में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



कुरुक्षेत्र। स्वास्थ्य चेकअप करते चिकित्सक।

**कुरुक्षेत्र।** वार्ड नंबर 30 में हरियाणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड के लोगों ने पहुंचकर अपना निशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाया व स्वास्थ्य परामर्श लिया। जांच शिविर में हरियाणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रदीप कुमार, डॉक्टर हितेषी उनके सहयोगी स्टाफ में पूनम रितु सुमित अरोड़ा व नरेंद्र पांचाल, वार्ड नंबर 30 के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजसेवी वेद प्रकाश प्रजापति, अजय पाल, कृष्ण सचदेवा, विजय गर्ग, सोम प्रकाश, अरविंद शर्मा ने सहयोग किया। डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए, अपने आहार में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन और स्वस्थ वसा शामिल करें। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, अतिरिक्त शर्करा और नमक का सेवन सीमित करें। खूब सारा पानी पिएं और पर्याप्त नींद लें।



### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के करकमलों से हुआ फिल्म /"48 कोस-2/" का पोस्टर रिलीज

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंदजी के सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थानम् के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में फिल्म /"48 कोस-2/" का पोस्टर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के करकमलों से रिलीज किया गया। इस अवसर पर नायब सिंह सैनी ने फिल्म के लेखक, निर्माता व निर्देशक राजिन्द्र वर्मा को शुभकामनाएं दी। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने यशबाबू एंटरटेनमैंट द्वारा बनाई गई फिल्म /"48 कोस-2/" के पोस्टर रिलीज पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फिल्म के निर्माता राजिन्द्र वर्मा ने इससे पूर्व /"48 कोस/" फिल्म का निर्माण किया था। यह फिल्म गीता की जन्मस्थली कुरुक्षेत्र पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म गीता के प्रचार-प्रसार में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। राजिन्द्र वर्मा ने इस प्रकार की फिल्म का निर्माण करके बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है और उन्हें उम्मीद है कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से यशबाबू एंटरटेनमैंट इसी प्रकार की प्रेरणादायक फिल्मों का निर्माण करके बॉलीवुड के क्षेत्र में अपनी एक अलग से पहचान बनाएगा।

# लाडवा में किए जा रहे विकास कार्यः सैनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा**



लाडवा। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करती उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

लाडवा के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा मंडल लाडवा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने उपाध्यक्ष सुमन सैनी का फूल गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में लाडवा क्षेत्र की सड़कों स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। आगामी समय में और भी लाडवा के लिए योजनाएं लाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ किया है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केवल सत्ता की नहीं, बल्कि विचारधारा और विकास बनाम भ्रष्टाचार और वंशवाद की लड़ाई है। विपक्ष के पास न तो नीति है, न नेता और न ही नियत है। मौके पर मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील राणा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, डा. गणेश दत्त, प्रदीप सहगल, मेघराज सैनी, अमन सिंगला, देवेंद्र गोल्डी, कर्मबीर, सुरेन्द्र सिंगला, अरुण सैनी, मोनिका बंसल, पूनम सैनी आदि मौजूद थे।



### खाली प्लॉटों में कांग्रेस घास की समस्या

**शाहबाद।** नगर के गोपी विहार स्थित गोपालजी परिसर के पास कांग्रेस घास ने अपना कब्जा किया हुआ है। गोपालजी कंपलेक्स के आसपास और सामने प्लाटों में यही हाल बना हुआ है। एक तरफ आए दिन सुबह और शाम बरसात हो रही है और मच्छर होने के कारण बीमारी का खतरा बना रहता है और नगर पालिका प्रशासन का सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं है। ना ही फागिंग करवाई जा रही है इससे तो लगता है नपा का सफाई विभाग कुंभकरनी नींद सोया हुआ है। जब सेनेटरी अफसर नरेंद्र से बातचीत करनी चाहिए तो उन्होंने कहा मैं छुट्टी पर चल रहा हूं, आप राकेश से बात कर लो। जब राकेश से बात करनी चाहिए तो उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। नगर में हर गली में सड़क की टॉयले टूटी पड़ी है। बरसात के कारण वहां पानी खड़ा हो जाता है और लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। समाजसेवी नितिन, अशोक और विपुल ने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की मूलभूत समस्याओं को जल्दी पूरा किया जाए।

## विश्वविद्यालयों के अनुबंधित कर्मचारियों की मांग

# सेवानिवृत्ति आयु तक नौकरी की गारंटी प्रदान करने की मांग

- अनुबंधित कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



अनुबंधित कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन मे अनुबंधित कर्मचारियों ने कहा कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत हम अनुबंधित कर्मचारी पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी व लगन के साथ अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। हम विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सरकार ने विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों के 1.20 लाख कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी दी है, जो एक सराहनीय कदम है। किन्तु विश्वविद्यालयों के अनुबंधित कर्मचारियों को इस नियम के दायरे में शामिल न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि. विश्वविद्यालयों के अनुबंधित कर्मचारियों को भी सेवा सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाया जाए। हमारी सेवा अवधि को नियमित कर्मचारियों की तरह मान्यता प्रदान की जाए। सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी हमें भी दी जाए।

### शाम-ए-खास 'सुर तरंग' में गीतों पर थिरके श्रोतागण

**कुरुक्षेत्र।** सोशल ऑगेनाईजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में शाम- ए-खास 'सुर तरंग' कार्यक्रम किया गया। संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में अतिथियों ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। समूह संचालक मंडल, महिला सदस्याओं और मार्गदर्शक मंडल सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा रीत शर्मा ने नृत्य के साथ सरस्वती वंदना की। मंच संचालन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय मीडिया संस्थान के प्रोफेसर डॉ.आबिद ने किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अम्बाला पुलिस आर्केस्ट्रा के कलाकार रहे, जिन्होंने महान पार्श्व गायकों और संगीतकार आर डी बर्मन, मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की इंस्ट्रूमेंटल धुनें सुना कर कार्यक्रम को दिलकश कर दिया।अम्बाला पुलिस अधिकारी

# विश्व के विज्ञान और तकनीक में भारतीयता का योगदानः डॉ. प्रीतम

- छात्र प्रेरक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को किया संबोधित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते डॉ. प्रीतम सिंह।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के दिशा निर्देश में चल रहे छात्र प्रेरक कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को डॉ. बी आर अम्बेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने भारत की गौरवशाली परंपरा वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में भारत के युवाओं की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. प्रीतम सिंह ने विद्यार्थियों को भारत की गौरवशाली परंपरा से अवगत कराते हुए कहा कि भारत अपनी प्राचीनतम संस्कृत भाषा पर गर्व महसूस करता है क्योंकि संस्कृत भाषा में विज्ञान और तकनीक के वो सभी अनुसंधान उपलब्ध थे जिनका इस्तेमाल कर अंग्रेजों ने आज अपना प्रभुत्व स्थापित किया है उन्होंने भारतीयता की मूल अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि आर्यभट्ट के जीरो से लेकर नौ तक गिनती के आविष्कार, ज्योतिष विज्ञान हस्तरेखा, मस्तिष्क रेखा में वराहमिहिर के योगदान की चर्चा की। डॉ. प्रीतम ने परमाणु पर ऋषि कणांक, विद्युत में ऋषि अगस्त, हवाई जहाज के निर्माण में ऋषि भारद्वाज की, गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त में आचार्य भास्कराचार्य के योगदान की चर्चा की। डीन इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी और यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि आज के वक्तव्य से विद्यार्थियों को उन सब तथ्यों की जानकारी मिली है जो इतिहास के पन्नों पर अंग्रेजी हुकूमत ने अपने फायदे के लिए मिटा दिया है। भारतीयता हमारी पहचान है और हमें भारतीयता के लिए सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार होना चाहिए।



लाडवा। भारत विकास परिषद लाडवा एवं श्रीमती कृष्णा गोयल फाउंडेशन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### लाडवा के किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा : गोयल

**लाडवा।** भारत विकास परिषद लाडवा एवं श्रीमती कृष्णा गोयल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम गुरु वंदन छात्र अभिनंदन आयोजित किया गया। प्रकल्प प्रमुख अमृतपाल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी विजेंदर गोयल, कृष्ण गोयल, अमित गोयल ने किया। कार्यक्रम के तहत लाडवा के विभिन्न विद्यालयों के 15 अध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया एवं 15 विद्यालयों के 35 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद लाडवा एवं कृष्णा गोयल फाउंडेशन द्वारा शिक्षा ग्रहण कर रहे 250 विद्यार्थियों को उनकी जरूरत के अनुसार पुस्तके, वर्दी, जूते, स्टेशनरी इत्यादि सामान भी वितरित किया गया। कृष्णा गोयल फाउंडेशन के संस्थापक अमित गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी फाउंडेशन शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है। हमारा उद्देश्य है कि हम लाडवा के किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देंगे, जरूरतमंद बच्चे को हरसंभव सहायता की जाएगी।

**योजना** | जिला स्तरीय कमेटी ने सभी 21 गांवों का किया आंकलन

## सौर उर्जा के क्षेत्र में सबसे अच्छा कार्य करने पर गांव का किया चयन

# किरमच बना माडल सोलर गांव, विकास कार्यों पर मिलेगा एक करोड़ का अनुदान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार की योजना के अनुसार गांव किरमच को माडल सोलर गांव के लिए चयनित किया गया है। इस गांव को विकास कार्यो के लिए एक करोड़ रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता अवधि समाप्त होने के उपरांत सभी 21 गांवों का आंकलन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया गया। इस कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार इस प्रतियोगिता की अवधि के दौरान गाँव किरमच के लोगों द्वारा केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाया। इस गांव के लोगों ने घर की छतों पर 61.1 किलोवाट के 17 सोलर प्लांट लगवाये गए हैं जिसके आधार पर गाँव किरमच, खंड थानेसर का चयन सौर उर्जा के क्षेत्र में सबसे अच्छा कार्य करने तथा मॉडल सोलर गाँव बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के दिशानिर्देशों अनुसार केंद्र सरकार द्वारा गाँव किरमच को मॉडल सोलर गाँव बनाने के लिए एक करोड़ की वितीय सहायता प्रदान की जाएगी जोकि गाँव में सार्वजानिक / सामुदायिक स्थानों पर सौर उर्जा के क्षेत्र में ही खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में एक विस्तृत परियोजना तैयार की जाएगी जोकि जिला स्तरीय कमेटी द्वारा अनुमोदन उपरान्त नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय, भारत सरकार को भेजी जाएगी। फाटो परिय

#### प्रत्येक जिले में एक सोलर गांव बनाना उद्देश्य

उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार के नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना चलायी जा रही है। इस योजना का एक घटक मॉडल सोलर गाँव है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सोलर गांव बनाना है। इस योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा 21 गांव जिनकी जनसंख्या 5000 से ज्यादा है, का चयन किया गया था। इन चयनित सभी गांवों को छह मास की प्रतियोगिता अवधि के दौरान जन भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए तथा राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए सौर उर्जा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करना था और सौर उर्जा उपकरणों को 4 अगस्त स्थापित करना था।

### सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर यूकेजी कक्षाओं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने विभिन्न किरदारों जैसे स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक पात्र, राष्ट्रीय नेता, देवी-देवता एवं पर्यावरण से जुड़े संदेशों को प्रस्तुत किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी वेशभूषा और संवाद अदायगी से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को उजागर करना था। विद्यालय की प्राचार्या रंजना शर्मा ने बच्चों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### चिन्हित अपराध व एससी-एसटी एक्ट केसों की समीक्षा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कैंप कार्यालय में चिन्हित अपराध व एससी-एसटी एक्ट केसों की समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से केसवार जानकारी लेकर निर्देश दिए कि कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट में लंबी तारीखें न लगें तथा जरूरत पड़ने पर अपील की प्रक्रिया भी समय पर की जाए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शहजादपुर।** शहजादपुर पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। शिकायतकर्ता वरुण कुमार निवासी शहजादपुर माजरा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 अगस्त की रात आरोपी सुनील कुमार उर्फ मोहित निवासी गाँव नंगावा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने 16/17 अगस्त की रात को कम्यूनिटी हाल के पास से लोहे का जंगला व मोटरसाइकिल रेहड़ी चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया हुआ सामान बरामद कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जान से मारने की धमकी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विकास मोदगिल निवासी शिमलापुरी (जिला लुधियाना, पंजाब) ने थाना पड़ाव में दी शिकायत में बताया कि 23 अगस्त को बस स्टैंड अंबाला छावनी पुल के नीचे आरोपियों ने सरकारी बस को रोककर उसमें घुसकर उस पर व उसके साथी हरदीप सिंह पर लोहे के टूल से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहुल निवासी दयाल बाग, रोहित निवासी कृष्णा नगर व अनिकेत निवासी रामनगर (अम्बाला) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अनुसूचित जाति के लोगों को मिलेगा रोजगार ऋण

**अंबाला।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, अंबाला के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। एनएसएफडीसी की माइक्रो फाइनेंस स्कीम (एमएफएस) व टर्म लोन स्कीम (टीएलएस) के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के वे परिवार, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक न हो, विभिन्न व्यवसायों जैसे करियाना दुकान, कपड़ा कार्य, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, बुटीक, टी-स्टॉल आदि के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं। माइक्रो फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत एक लाख रुपये और टर्म लोन स्कीम के अंतर्गत दो लाख रुपये तक ऋण दिया जाएगा।

## 10 दिन से पानी की मार झेल रहा बराड़ा, सुनने वाला कोई नहीं

# बराड़ा शहर हुआ लावारिसः सत्तापक्ष विपक्ष और प्रशासन नहीं ले रहे सुध

### अवैध कलोनियों की वजह से बंद हुआ पानी निकासी का प्राकृतिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा कस्बा इन दिनों पहाड़ी पानी और लगातार हो रही बरसात की मार झेल रहा है। शहर की सड़कें और कई मोहल्लों में भरे पानी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। महाराणा प्रताप चौक से लेकर एसएमएस कॉलेज तक सड़कों पर गंदा पानी भरा पड़ा है। यहां पर बनी दुकानों का तो कारोबार ठप्प हो गया है, इस एरिया में पैदल चलना तो दूर बाइक से गुजरना तक भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि अगर इस रास्ते पर आप बाईक से चल रहे है तो कोई भी गाड़ी जो स्पीड़ से आ रही है तो वह आपको गीला कर देगी। पिछले दस दिनों से बराड़ा कस्बा का यह इलाका पानी से भरा हुआ है। लेकिन अब तक न सत्ता पक्ष, न विपक्ष और न ही नगरपालिका या प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान निकाल पाए हैं। आपको बता दें कि सरकपुर रोड, बंसल पैलेस का इलाका, महाराणा प्रताप चौंक, महाराजा अग्रेसन द्वार, बीडीपीओ आफिस, हरगोबिन्दपुरा वाला इलाका पिछले दस दिनों से जलमग्न है।




बराड़ा। पानी से लबालब बराड़ा शहर की सड़क, पानी से भरी सड़क से गुजरती स्कूटी।

### प्रशासन की तैयारियों की खुली पोल

वैसे तो प्रशासन बरसात के आने से पहले ही अपनी खूब तैयारियों का ढ़ोल पीटता है और नालों आदि की सफाई करवाकर पानी निकासी के बड़े-बडे दावे करता है लेकिन इस बरसात और पहाड़ी पानी ने प्रशासन की कारगुजारी की पोल खोल कर रख दी है। आपको बता दें कि बराड़ा में बरसाती पानी ही नहीं बल्कि पहाड़ी इलाकों से आना वाला पानी भी काफी तबाही मचाता है लेकिन इन सब बातों के जानने के बाद भी प्रशासन के इंतजाम फेल नजर आते है। स्थानीय लोग भी मानते है कि बराड़ा में बरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो जाती है। नालों और सीवरेज की सफाई समय पर न होने की समस्या के चलते हर साल लगभग यही स्थिति पैदा होती है। दुकानदारों रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, पवन, रमेश आदि ने बताया कि थोड़ी सी भी तेज बारिश होने पर बराड़ा कस्बा पानी-पानी हो जाता है। सड़क पर पानी भरे होने की वजह से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बराड़ा-दोसड़का मार्ग पर अधिक जलभराव की वजह से गाड़ियां रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रही है।

### स्थानीय नेताओं व प्रशासन को ढूंढ रही जनता

*बराड़ा की जलभराव से बदहाल हुई स्थिति को लगभग दस दिन का समय बीत चुका है लेकिन इन दस दिनों में न तो मौजूदा विधायक, न ही इलाके के सांसद, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, संतोष चौहान सारवान, किसी अन्य पार्टी के नेता या किसी प्रशासनिक अधिकारी ने फील्ड में उतर कर हालत का जायजा नहीं लिया और न ही बराड़ा की जनता का दुखड़ा सुना। जिनको जनता के साथ इस मुश्किल घड़ी में खड़ा होना चाहिए था। वो लोग कहीं भी नजर नहीं आ रहे, ऐसे में बराड़ा शहर की जनता उन्हें ढूढं रही है लेकिन ये लोग कहीं पर भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे आपको बता दें कि नगरपालिका बराड़ा का चुनाव भी पानी की निकासी और साफ-सफाई के मुद्दे पर ही लड़ा गया था। स्थानीय लोग अपने-अपने वार्ड के पार्षदों व नपा चैयरमैन रजत मलिक को भी ढूंढ रहे है कि आखिर क्या हुआ उन वादों और दिखाए गए सब्जबागों का। जिन मुद्दों पर इन लोगों ने नगरपालिका चुनाव में वोट मांगे, वही मुद्दे आज अनदेखे क्यों किए जा रहे हैं? अब तो कुछ कर दिखाने का मौका था, लेकिन कोई भी सामने क्यों नहीं आ रहा? क्यों नही ये सब लोग जनता के सामने आते और मौजूदा समय में मुंहबाये खड़ी समस्याओं को हल करने की कोशिश करते। कुल मिलाकर बराड़ा शहर इस समय लावारिस हालत में है और इस शहर की सुध लेने वाला कोई नहीं है।*

### बंद पुलियों के कारण हो रही समस्या

बराड़ा इलाके के बारे में सबको पता है कि यहां पर बरसात के दिनों में पहाड़ी पानी भी आता है, और यह केवल अभी इसी समय ही नहीं आया है, यह तो हर बार आता है। यही वजह है कि इस इलाके में से गुजरने वाली हर सड़क पर जगह-जगह पर पुलियों का निर्माण किया हुआ है। यह पुलियां केवल दिखावे के लिए नहीं बनाई गई थी, इनका अपना विशेष महत्व था। लेकिन अवैध कालोनियां काटने वालों ने इन पुलियों (पानी निकासी के द्वारों) को बंद कर दिया और पानी पीछे ही रूकने लगा। वहीं कुछ किसान भाईयों ने भी इन पुलियों का रास्ता बंद कर दिया जिस कारण पानी निकासी का मार्ग अवरूद्ध हो गया और पानी यहां-वहां जमा होने लग गया लेकिन असली जो कारण है कि हमने पानी निकासी के मार्गो को बंद कर दिया है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वह इलाके में बंद पड़ी पुलियों को खोले ताकि पानी की निकासी हो सके और जनता को राहत मिल सके।



अंबाला। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

## जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित

- कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी की 'एनईपी 2020 सैल' के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के परीक्षा निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को 'चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, बहु प्रवेश एवं बहु निकास प्रणाली, एईसी, एसईसी, एमडीसी, वीएसी, डीएससी, डीएसई' आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आंतरिक मूल्यांकन में मिड सेमेस्टर टेस्ट, असाइनमेंट और कक्षा में उपस्थिति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति युवाओं में 'कौशल, दक्षता और आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के साथ-साथ डिजिटल तकनीक व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के अध्ययन को प्रोत्साहित कर रही है। डॉ. दत्त ने इस तरह की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायक बताया। एनईपी 2020 सैल की संयोजिका डॉ. ज्योति सौरोत ने कहा कि यह नीति भारतीय परंपरा व मूल्यों को ज्ञान के साथ जोड़कर विद्यार्थियों के 'समग्र विकास' और 'शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति' को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंत में मुख्य वक्ता ने उनके प्रश्नों का संतोषजनक समाधान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. चंद्रपाल पुनिया, डॉ. गीता कौशिक, श्री राजेंद्र मीरवाल और मैडम निकांशी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं

- अधिकारियों को दिए त्वरित निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतों का मौके पर अथवा निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा करना है। किसी भी मामले में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान के साथ-साथ नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र लोग उनका लाभ उठा सकें। शिविर में कुल पाँच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया जबकि शेष शिकायतें संबंधित विभागाध्यक्षों को शीघ्र निपटारे के निर्देशों के साथ मार्क की गईं। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे नियमित रूप से आयोजित होने वाले शिविरों में भाग लें। यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

## जीएमएन कॉलेज में यंग स्पीकर्स क्लब ने करवाया ओपन माइक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज अंबाला छावनी के 'यंग स्पीकर्स क्लब' द्वारा हाल ही में एक शानदार ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के आशीर्वाद तथा मेहक तलवार, यशवी शर्मा और हर्षिता के कुशल समन्वय के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 80 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 18 छात्रों ने मंच पर आकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों ने कविता, भाषण, गीत, शायरी और विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों के उत्साही प्रदर्शन और आयोजन समिति के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सह-पाठयक्रम मंच छात्रों में संचार कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और नई ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा अभिव्यक्ति कौशल के साथ लौटे। यंग स्पीकर्स क्लब का यह आयोजन छात्रों की प्रतिभा, पहल, टीम वर्क और व्यक्तिगत विकास का जीवंत उत्सव साबित हुआ।



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को व्हीलचेयर की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

सेवा और परोपकार की भावना को जीवंत रखते हुए रोटरी क्लब पिहोवा ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया। क्लब के नव-नियुक्त प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा के नेतृत्व में गांव आसमानपुर निवासी माता गुरचरण कौर और गाँव छेलो निवासी प्रेमा राम को व्हीलचेयर भेंट की गई। इन दोनों परिवारों को लंबे समय से सहारे की आवश्यकता थी और जब रोटरी क्लब को इसकी जानकारी मिली तो तुंरत कदम उठाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सैंनसंस पेपर मिल के एमडी प्रदीप सैनी ने विशेष तौर पर शिरकत की और रोटरी क्लब की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब पिहोवा का यह कार्य समाज में इंसानियत की असली तस्वीर पेश करता है। जब लोग मिलकर कमजोर वर्ग की मदद करते हैं तो समाज और भी मजबूत बनता है। रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा व सचिव गौरव बंसल ने कहा कि क्लब का उद्देश्य सिर्फ सामाजिक गतिविधियाँ करना ही नहीं बल्कि हर उस परिवार तक मदद पहुँचाना है, जिसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह कार्य केवल शुरूआत है और आगे भी क्लब समाज सेवा के कई नए आयाम स्थापित करेगा।

## एमपीएन कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर जैविक खेती एवं पराली प्रबंधन विषयक व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एम.पी.एन. कॉलेज, में आईसी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय उद्यमिता पखवाड़ा के अवसर पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ राजेंद्र कुमार सिंह ने जैविक खेती और पराली प्रबंधन जैसे समसामयिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जैविक खेती न केवल भूमि की उर्वरता बनाए रखती है, बल्कि किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी देती है। पराली जलाने की समस्या पर उन्होंने वैकल्पिक उपायों के प्रयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को सतत कृषि एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उद्यमिता को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक जयभगवान ने बताया की यह व्याख्यान छात्रों को सतत विकास एवं ग्रामीण नवाचार के क्षेत्र में उद्यमिता की संभावनाओं से परिचित कराने में सफल रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

## बराड़ा में युवक से नशीला पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम थाना बराड़ा की टीम अनाज मंडी मोड़ पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक युवक काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर आया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उसे रोककर जब उससे पूछताछ की गई तो उस युवक की पहचान शुभम पुत्र सोमनाथ निवासी गांव बीड़ कालवा जिला कुरुक्षेत्र वर्तमाल पता करनाल कॉलोनी बराड़ा के रूप में हुई। उसकी तलाशी नायब तहसीलदार अंबाला कैंट सुनील कुमार की मौजूदगी में ली गई। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से एक पारदर्शी पन्नी में 9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा आरोपी के पास से 240 रुपये नकद और मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली। बरामदगी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। आरोपी के खिलाफ थाना बराड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को सील कर सबूत के तौर पर कब्जे में ले लिया है।



बराड़ा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## ब्रह्माकुमारी शांति धाम में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज़ शांति धाम (36-37, दयाल बाग) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाते हुए दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अंबाला सबज़ोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को संदेश दिया कि वे दादी समान शक्तिशाली बनें और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाएँ। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने दादी के जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि दादी प्रकाशमणि का जन्म 1 सितम्बर 1922 को हैदराबाद (सिंध, पाकिस्तान) में हुआ था। दादी का असली नाम रमा था। वह मात्र 15 वर्ष की आयु में ओम मंडली के संपर्क में आईं और ब्रह्मा बाबा से प्रेरणा लेकर आध्यात्मिक जीवन को अपनाया। दादी 1969 से 2007 तक संस्था की मुख्य प्रशासिका रहीं। उनके नेतृत्व में विश्वभर में हजारों राजयोग सेवा केंद्र स्थापित हुए। उनकी याद में मधुबन, माउंट आबू में "प्रकाश स्तंभ" बनाया गया है, जिस पर उनकी शिक्षाएँ अंकित हैं। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने कहा कि दादी का स्वभाव अत्यंत मधुर, सहनशील और सहकारी था।



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### कटारिया बोले, चोरी के वोट से मोदी बने प्रधानमंत्री

## वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान में युवा कांग्रेस ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान को अब युवा कांग्रेस ने भी जोर-शोर से आगे बढ़ा दिया है। रविवार को अंबाला शहर कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीशित कटारिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चोरी के वोटों से तीसरी बार सत्ता में आए हैं और राहुल गांधी ने यह सच्चाई देश के सामने उजागर कर दी है। कटारिया ने कहा कि महादेवपुरा सीट पर हुई वोट चोरी की तस्वीर से साफ हो गया है कि भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या कर सत्ता पाई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर भाजपा को जरा भी शर्म है तो तुरंत सत्ता छोड़ दे। कटारिया ने स्पष्ट किया कि युवा कांग्रेस हर जिले में धरना-प्रदर्शन, मशाल जुलूस और स्टिकर अभियान चलाकर जनता को सच्चाई बताएगी। इस मौके पर अंबाला के कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी ही इस बात का सबूत है कि वे चोरी की वोट से प्रधानमंत्री बने हैं।

**स्टिकर अभियान का आगाजः** युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की कथित वोट चोरी के खिलाफ स्टिकर अभियान भी शुरू किया। अंबाला शहर में सार्वजनिक स्थलों और वाहनों पर "वोट चोरी बंद करो" जैसे संदेशों वाले स्टिकर लगाए गए। कटारिया ने चेतावनी दी कि यदि वोटर लिस्ट की गड़बड़ियां और धांधली खत्म नहीं हुई तो युवा कांग्रेस राज्य सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जड़ वोट है और यदि वोट की चोरी होगी तो लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा।



अंबाला। हुंकार भरते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता।

### पदाधिकारियों को बांटे लेटर

कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नीशित कटारिया ने विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से जुड़े लेटर सौंपे। इसमें प्रदेश महासचिव प्रतीक चौधरी, सचिव अंकुर मेहता, जिला युवा कांग्रेस शहरी अध्यक्ष हरमनप्रीत सिंह हैरी, ग्रामीण अध्यक्ष उधम सिंह, अंबाला शहर अध्यक्ष रोहिन सेठी, अंबाला छावनी अध्यक्ष प्रिंस, मुलाना अध्यक्ष निखिल शर्मा, नारायणगढ़ अध्यक्ष सतनाम सिंह, नदी मोहल्ला अध्यक्ष ललित कुमार, घेल अध्यक्ष हरजोत सिंह, पंजोखरा साहिब अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, केसरी अध्यक्ष रूपींद्र सिंह, गोला अध्यक्ष विनोद कुमार टोनी, बिहटा अध्यक्ष परमिंद्र सिंह डिप्टी, उगाला अध्यक्ष विशाल चौहान और साहा अध्यक्ष राहुल शर्मा शामिल रहे।